[13/2/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 1191]

परिशिष्ट-'अ'

विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1191 तारांकित (सत्र-जनवरी-फरवरी, 2024)

1. स्वर्ण रेखा नदी बाढ़ नियंत्रण योजना अंतर्गत प्रथम चरण में राशि रू. 117.00 लाख वर्ष 1984 से 1987 के मध्य प्राप्त हुई। जिसके अंतर्गत नदी का चौड़ीकरण हेतु मिटटी का कार्य एवं 03 पुलो पंचीमुखी हनुमान मंदिर पुल, शंनिदेव मंदिर पुल एवं ढोलीबुआ पुल का निर्माण कराया गया।
2. स्वर्ण रेखा नदी बाढ़ नियंत्रण योजना अंतर्गत द्वितीय चरण में राशि रू. 1870.00 लाख वर्ष 2001 से 2005 के मध्य प्राप्त हुई। जिसके अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये गये:-
   - (i) मिटटी कार्य आर.डी. 0 से 13.65 किमी.।
   - (ii) असुरक्षित रीच में सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग कार्य।
   - (iii) नदी के दोनों किनारों पर पेरापिट वाल का निर्माण कार्य।
   - (iv) 04 पुलो (छप्परवाला पुल, गायत्री नगर पुल, रमटापुरा पुल एवं कालूबाबा पुल) का निर्माण कार्य।
3. स्वर्ण रेखा नदी जल गुणवत्ता उन्नयन परियोजना अंतर्गत वर्ष 2008 से 2012 के मध्य राशि रू. 4600.00 लाख प्राप्त हुई। जिसके अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये गये:-
   - (i) स्वर्ण रेखा नदी के अप स्ट्रीम में निर्मित रियासत कालीन 05 तालाबों का रायपुर तालाब, मामा का बांध, गिरवाई का बांध, वीरपुर तालाब एवं हनुमान का बांध का सुधार एवं निर्माण कार्य।
   - (ii) स्वर्ण रेखा नदी की सम्पूर्ण रीच में मिट्टी कार्य एवं सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग कार्य आर.डी. 0 से 13.65 किमी.।
   - (iii) 05 पुलों (चित्रगुप्त गेज पुल, भैस मंण्डी पुल, गुरूद्वारा पुल, खेड़ापति मंदिर पुल एवं हजीरा पुल) का निर्माण कार्य।
   - (iv) पेरापिट वाल का अपूर्ण शेष निर्माण कार्य।
   - (V) 03 नाला डक्ट (हास्पिटल रोड नाला डक्ट, गायत्री नगर नाला डक्ट एवं तानसेन नगर नाला डक्ट) का निर्माण कार्य।
4. इसके अतिरिक्त फूलबाग क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्य संपादित कराये गये:-
   - (i) वोट क्लब का निर्माण कार्य।
   - (ii) बारादरी (Ancient) भवन का रिनोवेशन कार्य।
   - (iii) 02 स्टील पुल का निर्माण कार्य।
   - (iv) 01 कांक्रीट फुट ब्रिज (गुरूद्वारा जाने के लिए) का निर्माण कार्य।
   - (V) संभागीय हाट बाजार का निर्माण कार्य।
5. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को रिपोजिट मद में राशि रू. 1870.00 लाख प्रदान किये गये जिसके अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य संपादित किये गये:-
   - (i) स्वर्ण रेखा नदी में मिलने वाले 84 नालों का डायवर्सन एवं इन्टरसेपटिंग कार्य।
   - (ii) सीवर लाईन निर्माण कार्य।
   - (iii) जल शोधन संयंत्र पंपिग स्टेशन की स्थापना कार्य।

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग

सहायक मंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास